
खास-खबरें

पीथमपुर की आवाज को तेलंगाना में मिला सम्मान, डॉ. हिरोले ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



नईदुनिया, प्रतिनिधि, पीथमपुरः औद्योगिक नगरी पीथमपुर में जनहित, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों के लिए सक्रिय पीथमपुर बचाव समिति के अध्यक्ष डॉ. हेमंत कुमार हिरोले को तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। 10 नवंबर 2026 को करीमनगर में लता राजा फाउंडेशन के 23वें नेशनल सेवा धार्मिक अवार्ड्स समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें उन्होंने सहभागिता की। समारोह में करीमनगर कलेक्टर चित्रा मिश्रा, पुलिस कमिश्नर गौश आलम, सी. अनजनेया रेड्डी (आईपीएस), भंडारी श्रीनिवास, के. राजा, संजन और बी. अनिल कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजन में लता राजा फाउंडेशन के निदेशक के.के. राजा, पी.एन. मूर्ति, एन. सिद्धो राव और श्याम सर सहित अन्य पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आचार्य विद्या वैली स्कूल में बाल मेले का आयोजन

नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी पहुंचकर मेले का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रह्मचारिणी बहन डॉ. आराधना जैन ने किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती मीना, श्रीमती सरिता और श्रीमती दीपा उपस्थित रहीं। मेले के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभाई और विभिन्न व्यंजनों के स्टाल के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि डॉ. आराधना जैन ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, पंकज जैन, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

भैरुंदा में अतिक्रमण हटाने सड़क पर उतरे नगर परिषद अध्यक्ष



नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरुंदाः शहर में यातायात जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहत दिलाने के लिए शनिवार को नगर परिषद ने अभियान चलाया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने सीएमओ आरपी सिंह और अमले के साथ भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों के बाहर सड़क तक फैला सामान हटवाया गया और फल-सब्जी के ठेला संचालकों को निर्धारित हाट बाजार में स्थानांतरित कराया गया। नगर परिषद के अनुसार मुख्य मार्ग पर दुकानों का सामान और ठेले लगने से आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। इससे वाहन चालकों और आम नागरिकों को परेशानी होती थी। अभियान के दौरान दुकानदारों को सड़क पर सामान नहीं रखने की हिदायत दी गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण मिलने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। निर्धारित स्थान पर दुकानें लगाने के लिए सहमत हुए फल-सब्जी विक्रेताओं का नगर परिषद अध्यक्ष, सीएमओ और अमले ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाई। परिषद का कहना है कि इसका उद्देश्य विक्रेताओं की आजीविका प्रभावित करना नहीं, बल्कि यातायात व्यवस्था सुचारु करना है।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल हो सकते हैं सपा प्रमुख अखिलेश यादव

नईदुनिया, प्रतिनिधि, चंदेरी : पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के अशोकनगर जिले में आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सोबत गांव से जिले में प्रवेश करने पर यात्रा का स्वागत किया गया। इसके बाद अमरौद में रात्रि विश्राम होगा। अगले चरण में यात्रा चंदेरी पहुंचेगी, जहां निकदीप रिसोर्ट में पड़ाव प्रस्तावित है। चंदेरी में यात्रा के स्वागत के लिए पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान, कांग्रेस अध्यक्ष विवेककांत भार्गव और वरिष्ठ अधिवक्ता इदरीस खान पठान के नेतृत्व में तैयारियां की जा रही हैं। शहर के विभिन्न मोहल्लों में स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। इदरीस खान पठान के निवास पर जलपान और पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान के आवास पर स्वागत एवं रात्रि विश्राम की व्यवस्था की गई है।

अखिलेश यादव के शामिल होने की चर्चा: आयोजकों के बीच चर्चा है कि उत्तरप्रदेश में प्रवेश के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव भी यात्रा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, उनके शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आयोजकों के अनुसार यात्रा में अन्य राजनीतिक नेताओं, संतों और कलाकारों के शामिल होने की भी संभावना है।

वार्ड 6 को मिली विकास कार्यों की सौगात 10 लाख की सीसी रोड का हुआ भूमि पूजन



नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः शहर के वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर नगर पालिका परिषद अब उन क्षेत्रों पर भी ध्यान दे रही है, जहां लंबे समय से सड़क निर्माण की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 6 में 10 लाख रुपये की लागत से होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया। प्रस्तावित निर्माण के तहत लालमन की दुकान से जैन मंदिर तक सड़क बनाई जाएगी। वहीं जैन मंदिर से आकाश के घर तक और वार्ड की विभिन्न आंतरिक गलियों में भी सीसी रोड का निर्माण होगा। इस कार्य से क्षेत्र की आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी और रहवासियों को कच्ची एवं खराब सड़कों की परेशानी से राहत मिलेगी।

ऑपरेशन प्रहारः एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

10 लाख रुपये की 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामदगी के बाद उज्जैन और इंदौर में कार्रवाई



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत उज्जैन पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले घट्टिया थाना क्षेत्र की पानबिहार चौकी पुलिस ने 60 वर्षीय महिला नजमा खान के पास से 100 ग्राम सिंथेटिक एमडी ड्रग्स बरामद की थी। इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई थी। महिला से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने इंदौर और उज्जैन में कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, गरोठ हाईवे के पास वाहन चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार नजमा खान को रोका गया था। तलाशी में स्कूटी की डिक्की से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली थी। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर महिला को गिरफ्तार किया गया। न्यायालय से पुलिस रिमांड मिलने पर पूछताछ की गई, जिसमें ड्रग्स सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आए।

पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर इंदौर के खजराना और उज्जैन के तोपखाना क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान इस्माईल उर्फ गुड्डू निवासी खजराना, जुनैद उर्फ जून्नू निवासी असर्फी नगर खजराना, इशियाक निवासी तोपखाना उज्जैन और अब्दुल रऊफ निवासी सुअरा गार्डन खजराना को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, इन चारों आरोपियों के पास से इस कार्रवाई में कोई नया मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, जांच में ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क से उनकी कथित संलिप्तता सामने आने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को मुख्य आरोपी महिला के साथ न्यायालय में पेश किया गया।

सप्लाई नेटवर्क की जांच जारी: पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि एमडी ड्रग्स कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई किन-किन लोगों तक की जाती थी। साथ ही नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी करण खोवाल और चौकी प्रभारी प्रवेश जाटव सहित पुलिस टीम की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

कब्रिस्तान के पास वाहन पार्किंग के नाम पर हफ्ता मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र में घर के बाहर वाहन खड़ा करने के बदले हर महीने रुपये मांगने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 24 वर्षीय आरिफ पिता आशिक शाह निवासी ईदगाह कब्रिस्तान के पास के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ पहले से चार आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक फरियादी जितेंद्र सिंह राजपूत रात में अपने घर के बाहर कब्रिस्तान के पास वाहन पार्क कर रहे थे। इसी दौरान मुजफ्फर उर्फ मोना अपने साथियों आरिफ, अकिल और शाहरुख के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने वाहन खड़ा करने के बदले हर महीने 1,500 रुपये देने की मांग की। फरियादी ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आए कुलदीप चौहान के साथ भी धक्का-मुक्की की गई। आरोपियों ने वाहन में आग लगाने की धमकी भी दी।

शिकायत मिलने पर चिमनगंज मंडी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की और आरिफ को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पा प्रजापति के निर्देशन में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, उपनिरीक्षक नितेश प्रधान तथा पुलिस टीम ने की।

पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरकर ले जाए जा रहे 9 गोवंश के बछड़े मुक्त, दो आरोपी गिरफ्तार



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः जिले के भाटपचलाना थाना क्षेत्र में पुलिस ने गोवंश के अवैध परिवहन के प्रयास को विफल करते हुए नौ बछड़ों को मुक्त कराया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर तस्करी में इस्तेमाल महिंद्रा पिकअप वाहन जब्त किया गया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग पिकअप वाहन में गोवंश भरकर बदनावर की ओर ले जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम मलोड़ा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी के दौरान पिकअप क्रमांक एमपी-13 जीबी-4280 में नौ बछड़े रस्सियों से बंधे और ठूंसकर भरे मिले। पुलिस ने मौके से ईश्वरलाल पिता सीताराम पाटीदार निवासी ग्राम मलोड़ा और राकेश पिता हाकम बंजारा निवासी ग्राम नवादा को गिरफ्तार किया। सभी नौ बछड़ों को सुरक्षित मुक्त कराया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह चौधरी सहित पुलिस टीम की भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गोवंश के अवैध परिवहन और पशुओं के साथ क्रूरता करने वालों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

फर्जी नामांतरण के दो मामलों में पूर्व तहसीलदार को तीन साल की सजा

उज्जैन। भ्रष्टाचार के दो मामलों में विशेष न्यायालय ने तत्कालीन तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों मामलों में लाभार्थी उमेश माली और पराग महाजन को भी तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। फैसला 13 नवंबर 2026 को सुनाया गया। पहला मामला ग्राम ताजपुर की 1.41 हेक्टेयर कृषि भूमि से जुड़ा है। आरोप था कि पाण्डेय ने मौखिक पट्टे पर खेती करने वाले उमेश माली के पक्ष में नियमों के विरुद्ध नामांतरण किया, जिससे शासन को 1,27,312 रुपये की राजस्व क्षति हुई। दूसरे मामले में ग्राम बकनिया की 1.71 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण पराग महाजन के पक्ष में करने में अनियमितता सामने आई। इससे शासन को 69,006 रुपये की क्षति हुई। लोकायुक्त पुलिस ने जांच के बाद 6 जनवरी 2021 को विशेष न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था।

बाल दिवस पर पुलिस की अनूठी पाठशाला बच्चों को सिखाए साइबर सुरक्षा के गुर



नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः बाल दिवस के अवसर पर उज्जैन पुलिस ने बड़नगर स्थित सेंट मार्टिन स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा और आपातकालीन पुलिस सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने के साथ संकट के समय पुलिस से मदद लेने के तरीके बताए।

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करनदीप सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में एसडीओपी बड़नगर महेंद्र परमार तथा थाना प्रभारी नरेंद्र बहादुर सिंह शामिल हुए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि डिजिटल सुविधाओं के बढ़ते उपयोग के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी का खतरा भी बढ़ रहा है। इससे बचने के लिए किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड और बैंक संबंधी विवरण किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने चाहिए। ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से बातचीत करते समय भी सतर्क रहने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में डायल-112 आपातकालीन सेवा की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना, अपराध या किसी अन्य आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए डायल-112 पर कॉल किया जा सकता है। इस सेवा के माध्यम से पुलिस सहित आवश्यक आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से साइबर सुरक्षा संबंधी सावधानियां अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने रुचि दिखाई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल अपराधों के प्रति जागरूक बनाना और आपात स्थिति में सही कदम उठाने के लिए तैयार करना रहा।

पाराशरी मुक्तिधाम में बनेगा नया टीन शेड विधायक ने स्वीकृत किए तीन लाख रुपये



नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः नगर के पाराशरी मुक्तिधाम में सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने नए टीन शेड के निर्माण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। इस राशि से नगरपालिका परिषद द्वारा टीन शेड के साथ सर्वसुविधायुक्त चबूतरे का निर्माण भी कराया जाएगा।

नगर की बढ़ती आबादी के कारण पाराशरी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के लिए उपलब्ध टीन शेड कम पड़ रहे थे। पिछले दिनों एक साथ कई लोगों के निधन के कारण यहां पर्याप्त जगह और शेड उपलब्ध नहीं हो पाए थे। ऐसे में कुछ परिजनों को खुले मैदान में अंतिम संस्कार करना पड़ा था। इसके बाद नागरिकों और समाजसेवियों ने मुक्तिधाम में सुविधाएं बढ़ाने की मांग उठाई थी।

समस्या को देखते हुए कुछ दिन पहले विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों के साथ मुक्तिधाम का निरीक्षण किया था। इस दौरान टीन शेड की कमी सामने आई थी। विधायक ने निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, जिसके तहत अब तीन लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

विधायक रघुवंशी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की अंतिम विदाई सम्मान और गरिमा के साथ होनी चाहिए। मुक्तिधाम में आने वाले परिजनों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। राशि स्वीकृत होने पर नागरिकों और समाजसेवियों ने विधायक का आभार जताया। उन्हें उम्मीद है कि नए टीन शेड और चबूतरे के निर्माण से अंतिम संस्कार के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी।

नवांकुर विद्यापीठ में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

गंजबासौदा। नवांकुर विद्यापीठ में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आयोजन में एसएटीआई कॉलेज के प्रोफेसर केके पंजाबी, प्रोफेसर संजीव साहू, विद्यालय के निदेशक शैलेंद्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप रावत, सेवानिवृत्त शिक्षक शैलेंद्र कुमार पिंगले तथा मिडिल विभाग की प्रधानाध्यापिका सीमा साध उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन विनय सोनी ने किया। उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और देश के विकास में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इसके बाद बाल अतिथियों ने नेहरू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ऑक्सफोर्ड स्कूल में बाल दिवस पर बाल मेले का भव्य आयोजन



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः शहर के प्रतिष्ठित दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी एक यादगार अनुभव बन गया।

इस अवसर पर बाल मेले का उद्घाटन संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने अभिभावकगण के साथ किया।

मेले में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए थे, जहां उन्होंने मेला लगाने का अनुभव लिया। इन स्टालों पर बच्चों ने न केवल खाद्य पदार्थों की बिक्री की, बल्कि कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर एड. जॉली कुरियन और प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी को बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और सभी बच्चों को माता-पिता व गुरूजन का सम्मान करने को कहा। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी मनमोहक प्रस्तुति दी। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीत और नृत्य ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कार्यक्रम में रंगारंग माहौल का निर्माण किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी।

दलित परिवार का मकान जलाने का आरोप पीड़ित ने अधिकारियों से लगाई मदद की गुहार



नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः मंडीदीप थाना क्षेत्र के ग्राम समनापुर निवासी मदनलाल ने कुछ लोगों पर उनके मकान में आग लगाकर घरेलू सामान जलाने और परिवार को धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस मुख्यालय भोपाल में डीजीपी तथा रायसेन में पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंपा है।

आवेदन में मदनलाल ने गांव के भूरा लोधी, ओमप्रकाश, लखपति, खानूराम, भगवानदास, गणेशराम, सीताराम और उसके बेटे सहित अन्य लोगों पर मकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि आरोपी लंबे समय से उन्हें वन भूमि पर बने मकान और कब्जे वाली जमीन से बेदखल करना चाहते हैं। इसी विवाद के चलते परिवार के साथ गाली-गलौज और पहले भी मारपीट की घटनाएं हुई हैं।

पीड़ित के अनुसार, घटना की शिकायत मंडीदीप थाने में की गई, लेकिन उनकी नामजद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले को साधारण आगजनी की घटना मानकर कार्रवाई की।

मदनलाल का दावा है कि उनका परिवार करीब 30 वर्षों से उक्त वन भूमि पर रह रहा है और वहां पेड़-पौधे भी लगाए हैं। उन्होंने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नर्मदा में अवैध रेत उत्खनन पर आधी रात को दो जेसीबी जब्त

भैरुंदा। नर्मदा नदी में अवैध रेत उत्खनन की शिकायतों पर शुक्रवार देर रात प्रशासन ने चौरसाखेड़ी खदान पर कार्रवाई की। एसडीएम सुधीर कुशवाह के नेतृत्व में पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने मौके से रेत उत्खनन में लगी दो जेसीबी मशीनें जब्त कीं। जब्त मशीनों को आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए गोपालपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया है। जानकारी के अनुसार चौरसाखेड़ी घाट पर मशीनों से रेत निकालने की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह, तहसीलदार सौरभ शर्मा और नायब तहसीलदार रामदास गोरले सहित राजस्व अमला शुक्रवार देर रात मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान नदी में दो जेसीबी मशीनों से रेत का उत्खनन होता मिला। टीम को देखकर मौके पर मौजूद अन्य लोग मशीनें और संसाधन लेकर चले गए। कार्रवाई के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने नर्मदा के अन्य घाटों पर भी इसी तरह अभियान चलाने की मांग की है।

कुबेरेश्वरधाम पहुंचे योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर शंकर भारती महास्वामी



नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः सनातन धर्म की समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को पुनः सामने लाने और उनसे जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के अध्ययन एवं दस्तावेजीकरण के उद्देश्य से भारत यात्रा पर निकले कर्नाटक स्थित यडतोरे श्री योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर श्री श्री शंकर भारती महास्वामी शनिवार को जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पहुंचे।

यहां उन्होंने अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से सौजन्य भेंट कर आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि महास्वामी की इस भारत यात्रा का उद्देश्य उन धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्थलों की पहचान, अध्ययन और दस्तावेजीकरण करना है, जहां परंपराओं के अनुसार आदि शंकराचार्य के चरण पड़े थे। इसी यात्रा के क्रम में कुबेरेश्वरधाम आगमन पर उनका श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया।

इस दौरान शंकर भारती महास्वामी अपने शिष्य मंडल के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ मंदिर परिसर पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान भगवान शिव-पार्वती, भगवान श्रीराम-सीता तथा भगवान श्रीकृष्ण-राधा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही उन्होंने धाम की गौशाला, बाबा की शिला और श्रद्धालुओं के लिए संचालित निःशुल्क भोजन प्रसादी व्यवस्था का अवलोकन किया।

उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना भी की। आध्यात्मिक संवाद के दौरान महास्वामी ने सनातन संस्कृति के संरक्षण, भारतीय जीवन मूल्यों की पुनर्स्थापना और समाज में आपसी सद्भाव बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने एकात्मवाद के तीन स्वरूपों—ब्रह्म रूप, व्यावहारिक रूप एवं आध्यात्मिक रूप का उल्लेख करते हुए उपस्थित संतों से आध्यात्मिक स्वरूप के संदेश को एकरूपता के साथ समाज में प्रचारित-प्रसारित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने महास्वामी का आत्मीय स्वागत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कुबेरेश्वरधाम में संतों का यह आध्यात्मिक मिलन सनातन परंपरा, सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक चेतना के विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर बना।